Under CSR Support by Ipca Foundation
missiongyan
JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## बहुविकल्पी प्रश्न

**1. कावेरी नदी की द्रोणी का विस्तार किस राज्य में है-**

(अ) कर्नाटक (ब) सभी विकल्प सही है।

(स) तमिलनाडु (द) केरल

**2. निम्नलिखित नदियों में से कौन-सी नदी भ्रंश घाटी से होकर बहती है?**

(अ) कृष्णा (ब) तापी

(स) तुंगभद्रा (द) महानदी

**3. गोदावरी का उद्गम किस राज्य में होता है?**

(अ) कर्नाटक (ब) महाराष्ट्र

(स) मध्य प्रदेश (द) आंध्र प्रदेश

**4. तापी नदी का उद्गम स्थल किन पहाड़ियों में है?**

(अ) विंध्याचल (ब) अरावली

(स) महादेव (द) सतपुड़ा

**5. गंगा का उद्गम स्थल है?**

(अ) नंदन वन (ब) देव प्रयाग

(स) यमुनोत्री (द) गंगोत्री

**6. नर्मदा नदी का उद्गम कहाँ से है?**

(अ) सतपुड़ा (ब) ब्रह्मगिरी

(स) अमरकंटक (द) पश्चिमी घाट के ढाल

**7. प्रायद्वीपीय उच्च भूमि से आने वाली गंगा की प्रमुख सहायक नदी है?**

(अ) बेतवा (ब) सभी विकल्प सही है।

(स) चंबल (द) सोन

**8. गंगा तथा सिंधु नदी तंत्रों के जल विभाजक पर कौन-सा नगर स्थित है?**

(अ) देव प्रयोग (ब) ऋषिकेश

(स) हरिद्वार (द) अंबाला

मिशन ज्ञान पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**9. शिव सुंदरम् जल प्रपात कौन-सी नदी बनाता है?**

(अ) गोदावरी | (ब) महानदी

(स) कावेरी | (द) नर्मदा

**10. निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष की शाखाओं के समान अपवाह प्रतिरूप प्रणाली को दर्शाता है?**

(अ) अरीय | (ब) जालीनुमा

(स) द्रुमाकृतिक | (द) केंद्राभिमुख

## रिक्त स्थान

11. ________________ नदी विश्व का सबसे बड़ा अपवाह तंत्र बनाती है।

12. ________________ नामक स्थान से गंगा नदी बांग्लादेश में प्रवेश करती है।

## सत्य/असत्य

13. नामचा बरूआ शिखर के निकट सिंधु नदी द्वारा बनाए महाखड्ड की गहराई 5500 मीटर है।

14. वूलर और डल झील मरूस्थलीय क्षेत्र की मौसमी झीलें हैं।

## अति लघूत्तरात्मक प्रश्न

15. सिंधु एवं गंगा नदियाँ कहाँ से निकलती हैं?

16. गुंफित नदी किसे कहते हैं?

## लघूत्तरात्मक प्रश्न

17. नदियों तथा झीलों के कुछ आर्थिक महत्व को बताएँ।

18. लंबी धारा होने के बावजूद तिब्बत के क्षेत्रों में ब्रह्मपुत्र में कम गाद (सिल्ट) क्यों है?

## निबंधात्मक प्रश्न

19. हिमालय तथा प्रायद्वीपीय नदियों के मुख्य अंतरों को स्पष्ट कीजिए।

20. प्रायद्वीपीय पठार की पूर्व एवं पश्चिम की ओर बहने वाली नदियों की तुलना कीजिए।

## HOTS

21. किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए नदियाँ महत्वपूर्ण क्यों हैं?

मिशन ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

Under CSR Support by ipca Foundation

missiongyan

JINENDER SONI
Founder, MISSION GYAN

## उत्तरमाला

1. (ब) सभी विकल्प सही हैं।
2. (ब) तापी
3. (ब) महाराष्ट्र
4. (द) सतपुड़ा
5. (द) गंगोत्री
6. (स) अमरकंटक
7. (ब) सभी विकल्प सही हैं।
8. (द) अंबाला
9. (स) कावेरी
10. (द) केंद्राभिमुख
11. अमेजन
12. फरक्का
13. असत्य
14. असत्य
15. सिंधु नदी तिब्बत में मानसरोवर झील के पास से निकलती है। गंगा नदी हिमालय में गंगोत्री ग्लेशियर से निकलती है।
16. गुंफित नदी वह नदी है जिसकी धारा के बीच में बहुत से द्वीप बने होते हैं और मुख्य धारा कई धाराओं में विभक्त हो जाती है।
17.
    - i. नदियाँ एवं झीलें नदी के बहाव को नियंत्रित करती हैं।
    - ii. ये अति-वृष्टि के समय बाढ़ को रोकती हैं।
    - iii. अनावृष्टि के समय ये पानी के बहाव को बनाए रखती है।
    - iv. नदियाँ घरेलू कार्यों और वस्तुओं के लिए जल उपलब्ध करवाती हैं। विशेषकर भारत जैसे देश में जहाँ फसल मानसून पर निर्भर करती है।
    - v. इनका उपयोग जलविद्युत उत्पादन के लिए किया जाता है।
    - vi. ये आस-पास की जलवायु को मृदु बनाती हैं तथा जलीय परितंत्र का संतुलन बनाए रखती हैं।
    - vii. ये प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि करती हैं तथा पर्यटन का विकास करने में सहायता प्रदान करती हैं और मनोरंजन करती हैं।
18.
    - i. तिब्बत ठंडा तथा शुष्क क्षेत्र है।
    - ii. तिब्बत में ब्रह्मपुत्र को सांगपो कहते हैं।
    - iii. वर्षा कम होने की वजह से इसकी सहायक नदियों में भी जल की मात्रा कम होती है।
    - iv. जल कम होने के कारण इसकी अपरदन शक्ति कम है इसी वजह से तिब्बत के क्षेत्रों में ब्रह्मपुत्र में गाद (सिल्ट) की मात्रा कम होती है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES

**19. हिमालय की नदियाँ:**

i. हिमालय की अधिकतर नदियाँ बारामासी होती हैं। इससे पूरे वर्ष पानी बना रहता है, चूँकि इन्हें वर्षा के साथ-साथ पिघली बर्फ से भी जल मिलता रहता है।

ii. ये नदियाँ अपनी उत्पत्ति से समुद्र तक लम्बा रास्ता पार करती हैं।

iii. ये अपने बाढ़ वाले मैदानों में बहुत सी निक्षेपण आकृतियों का निर्माण करती हैं और पूर्ण विकसित डेल्टाओं का भी निर्माण करती हैं।

iv. गंगा, ब्रह्मपुत्र आदि इसके उदाहरण हैं।

**प्रायद्विपीय नदियाँ:**

i. अधिकतर प्रायद्विपीय नदियाँ मौसमी होती हैं। इनका प्रवाह वर्षा पर निर्भर करता है।

ii. प्रायद्वीपीय नदियों की लम्बाई कम होती है और ये छिछली होती हैं।

iii. बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियाँ डेल्टा बनती हैं।

iv. महानदी, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी इसके उदाहरण हैं।

**20.**

| पूर्व की ओर बहने वाली नदियाँ | पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ |
|---|---|
| महानदी, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी पूर्व की ओर बहने वाली मुख्य नदियाँ हैं। | नर्मदा एवं तापी पश्चिम की ओर बहने वाली मुख्य नदियाँ हैं। |
| ये नदियाँ पश्चिम घाट से निकलती हैं और बंगाल की खाड़ी में समाप्त हो जाती हैं। | ये नदियाँ अरब सागर में गिरती हैं और ज्वारनदमुख बनाती हैं। |
| इन नदियों का अपवाह तंत्र विकसित एवं आकार में बड़ा है। | इन नदियों का अपवाह तंत्र विकसित नहीं है। उनकी सहायक नदियाँ आकार में छोटी हैं। |
| ये नदियाँ पूर्वी तट पर बहुत बड़े डेल्टा बनाती हैं। | ये नदियाँ डेल्टा नहीं बनाती हैं। |
| ये नदियाँ बहुत गहरी नहीं बहतीं। | ये नदियाँ गर्त से होकर बहती हैं। |

**21. नदियाँ किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं। कुछ बिन्दु जो नदियों की महत्ता को प्रदर्शित करते हैं वे नीचे दिए गए हैं:**

i. नदियाँ प्राचीन काल से ही मानव सभ्यता के विकास तथा प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं।

ii. नदियों में हमें प्राकृतिक ताजा मीठा पानी मिलता है जो मनुष्य सहित अधिकतर जीव-जंतुओं के जीवन के लिए आवश्यक है।

iii. ये नई मृदा बिछाकर उसे खेती योग्य बनाती हैं जिससे बिना अधिक मेहनत के इस पर खेती की जा सके।

iv. नदियों के तटों ने प्राचीनकाल से ही आदिवासियों को आकर्षित किया है। ये बस्तियाँ कालांतर में बड़े शहर बन गए।

v. ये जल के बहाव को नियंत्रित करने में सहायकता करती हैं।

vi. ये भारी वर्षा के समय बाढ़ को रोकती हैं।

vii. ये शुष्क मौसम के दौरान पानी का एक समान बहाव बनाए रखती हैं।

viii. इनकी सहायता से जल विद्युत पैदा की जाती है।

ix. ये आस-पास के वातावरण को मृदु बना देती हैं।

x. ये जलीय परितंत्र को बनाए रखती हैं।

xi. ये प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि करती हैं।

xii. ये पर्यटन का विकास करने में सहायता प्रदान करती हैं और मनोरंजन करती हैं।

विज्ञान ज्ञान
पढ़ें जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES